2017

20वाँ दीक्षान्त समारोह

गतिमान

बीसवाँ दीक्षान्त समारोह

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश

श्री राम नाईक

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

गतिमान–2017

बीसवाँ दीक्षान्त समारोह

01 फरवरी, 2017

प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल
कुलपति

श्री एम. के. सिंह
वित्त अधिकारी

डॉ. देवराज
कुलसचिव

प्रो. बी. बी. तिवारी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

श्री संजीव सिंह
डॉ. टी. बी. सिंह
उप कुलसचिव

सम्पादक मण्डल
प्रो. बी. बी. तिवारी
डॉ. मनोज मिश्र
डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर
डॉ. के. एस. तोमर



जौनपुर : एक समृद्ध विरासत



विभिन्न संस्कृतियों की बाँकी झाँकी का साक्षी रहा जनपद जौनपुर अपनी ऐतिहासिकता को बहुत अतीत तक समेटे हुए है। सदानीरा गोमती के तट पर बसा यह शहर एक परम्परा के अनुसार महर्षि यमदग्नि की तपोस्थली रहा है जिस कारण इसका प्रारंभिक नाम यमदग्निपुर पड़ा तथा कालान्तर में यमदग्निपुर ही जौनपुर के रूप में परिवर्तित हो गया। कतिपय विद्वानों ने इस धारणा पर भी बल दिया है कि यहाँ प्राचीन भारत में यवनों का आधिपत्य रहा है जिस कारण इसका नाम प्रारम्भिक दौर में यवनपुर से कालान्तर में जौनपुर हो गया।

मध्यकालीन भारतीय इतिहास के स्रोतों ने जौनपुर की स्थापना का श्रेय फिरोजशाह तुगलक को दिया है, जिसने अपने भाई मुहम्मद बिन तुगलक (जूना खाँ) की स्मृति में इस नगर को बसाया और इसका नामकरण भी उसके नाम पर किया। फिरोजशाह तुगलक ने जौनपुर की स्थापना 1359 ई. में की तथा 1360 ई. में जौनपुर किले की नींव रखी। जौनपुर सल्तनत वर्ष 1394–1479 ई. तक उत्तर भारत की एक स्वतंत्र राजधानी रही जिसका शासन शर्की सल्तनत द्वारा संचालित था। लेकिन एक खास बात यह है कि जौनपुर राज्य का संस्थापक मलिक सरदार (सरवर) फिरोज शाह तुगलक के पुत्र सुलतान मुहम्मद का दास था जो अपनी योग्यता से 1389 ई. में वजीर बना। सुलतान महमूद ने उसे मलिक–उस–शर्क की उपाधि से नवाजा था। 1399 ई. में उसकी मृत्यु हो गयी। उसके पद के कारण ही उसका वंश शर्की–वंश कहलाया। ज्ञातव्य है कि उसको कोई संतान नहीं थी, उसके बाद उसका गोद लिया हुआ पुत्र मुबारक शाह गद्दी पर बैठा था। 1402 ई. में मुबारक शाह की मृत्यु हो गयी। इसके बाद उसका भाई इब्राहिमशाह शर्की जौनपुर राज सिंहासन पर बैठा। इब्राहिमशाह के बाद उसका पुत्र महमूदशाह फिर हुसैन शाह तथा अन्ततः जौनपुर 1479 ई. के बाद दिल्ली सल्तनत का भाग बन गया।



जौनपुर में सरवर से लेकर शर्की बंधुओं ने 75 वर्षों तक स्वतंत्र राज किया। इब्राहीम शाह शर्की (1402 ई.–1440 ई.) के समय में जौनपुर सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत उपलब्धि हासिल कर चुका था। उसके दरबार में बहुत सारे विद्वान थे जिन पर उसकी राजकृपा रहती थी। उसके राज–काल में अनेक ग्रंथों की रचना की गयी। तत्कालीन समय में जौनपुर शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। यह भी कहा जाता है कि इब्राहीम शाह शर्की के समय में ईरान से 1000 के लगभग आलिम (विद्वान) आये थे जिन्होंने पूरे भारत में जौनपुर को शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र बना दिया था। इसी कारण जौनपुर को 'शीराज–ए–हिंद' कहा गया। शीराज का तात्पर्य श्रेष्ठता से होता है। उसी समय जौनपुर में कला–स्थापत्य की एक नई शैली का जन्म हुआ, जिसे जौनपुर अथवा शर्की शैली कहा गया। कला–स्थापत्य की इस शैली का निदर्शन यहाँ पर आज भी अटाला मस्जिद में किया जा सकता है। अटाला मस्जिद की आधारशिला फिरोजशाह तुगलक द्वारा 1376 में की गयी जिसे 1408 में इब्राहीम शाह ने पूरा किया। जौनपुर में गोमती नदी के शाही पुल का निर्माण कार्य मुगल बादशाह अकबर ने 1564 ई. में प्रारंभ करवाया जो 1569 ई. में बनकर तैयार हुआ। यह शाही पुल अकबर के सूबेदार मुनीम खाँ के निरीक्षण में बना। शर्की सुल्तानों ने जौनपुर में कई सुन्दर भवन, एक किला, मकबरा तथा मस्जिदें बनवाईं। जौनपुर की जामा मस्जिद को इब्राहीम शाह ने 1438 ई. में बनवाना प्रारंभ किया था और इसे 1442 ई. में इसकी बेगम राजीबीबी ने पूरा करवाया। 1417 ई. में चार अंगुल मस्जिद को सुल्तान इब्राहीम के अमीर खालिस खाँ ने बनवाया। जौनपुर की सभी मस्जिदों का वास्तु प्रायः एक जैसा है। शेरशाह सूरी की सारी शिक्षा–दीक्षा जौनपुर में हुई। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत और 'खयाल' के विकास में हुसैन शाह (1458–1479 ई.) का अपना योगदान रहा। इस दौरान कई रागों की रचना की गयी जिसमें प्रमुख हैं 'मल्हार–स्याम', 'गौर–स्याम', 'भोपाल–स्याम', 'जौनपुरी बसन्त', 'हुसेनी' या 'जौनपुरी असावरी' जिसे राग जौनपुरी कहा जाता है।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जनपद के अमर शहीदों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा में अपना जीवन बलिदान कर दिया। आज भी जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थापित शहीद स्तम्भ उनके बलिदान की याद दिलाते हैं। इसी जनपद के लोगों ने साहित्य, प्रशासनिक सेवा और विज्ञान अनुसन्धान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में जनपद का नाम रोशन किया है। इसकी निरंतरता अभी बनी हुई है।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (पूर्व में पूर्वांचल विश्वविद्यालय) की स्थापना जौनपुर के लोगों के परिश्रम तथा प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीर बहादुर सिंह के प्रयास के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित गजट संख्या 5005/15–10–87–15 (15)–86 टी.सी. दिनांक 28 सितम्बर 1987 के तहत 02 अक्टूबर 1987 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन पर्व पर की गई। कालान्तर में पूर्वांचल विश्वविद्यालय का नाम स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह की स्मृति में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय रखा गया। इस विश्वविद्यालय के स्थापना के साथ ही गोरखपुर विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र का एक बड़ा भाग इसमें स्थानांतरित कर दिया गया। आरम्भ में इस विश्वविद्यालय में पूर्वी उत्तर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, संत रविदासनगर भदोही, कौशाम्बी, इलाहाबाद तथा सोनभद्र सहित कुल 12 जिलों के 68 महाविद्यालयों को इससे सम्बद्ध किया गया था। विश्वविद्यालय को वर्ष 2016 में नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है।

प्रारम्भ में विश्वविद्यालय का कार्यालय प्रथमतः टी.डी. कालेज जौनपुर के फार्न हाउस के भवन पीली कोठी में प्रारम्भ हुआ। उत्तर प्रदेश शासन ने विश्वविद्यालय हेतु भूमि अधिगृहित करने के लिए कुल 85 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की तथा अधिकारियों सहित कुल 67 पद स्वीकृत किये। शासन द्वारा सृजित पदों पर नियुक्तियाँ हुई और यहीं से विश्वविद्यालय की विकास यात्रा प्रारम्भ हुई। जिला प्रशासन ने जौनपुर शहर से लगभग 12 किमी. दूर जौनपुर शाहगंज मार्ग पर देवकली, जासोपुर ग्राम सभाओं की कुल 171.5 एकड़ भूमि अधिग्रहीत कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई।

वर्ष 1994 में विश्वविद्यालय ने अपने नवनिर्मित निजी प्रशासनिक भवन में कार्य करना प्रारम्भ किया और इसी के साथ ही विश्वविद्यालय का आवासीय स्वरूप विकसित होना प्रारम्भ हुआ। वर्तमान में परिसर स्थित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रहने के लिए फ्लैट्स तथा ट्रांजिट हॉस्टल की भी व्यवस्था है। इसके अलावा छात्र सुविधा केन्द्र, संगोष्ठी भवन, अतिथि गृह, शिक्षक अतिथि गृह, राष्ट्रीय सेवा योजना भवन, रोवर्स रेंजर्स भवन है। इसके साथ ही विभिन्न संकायों के लिए अलग–अलग भवनों का निर्माण किया गया है जो अत्याधुनिक लैब, इण्टरनेट – वाईफाई एवं सी.सी. कैमरे से सुसज्जित हैं।

विद्यार्थियों को शहर से दूर परिसर में उच्च गुणवत्ता से युक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय संचालित है। इसमें परम्परागत पुस्तकालय सुविधा के अतिरिक्त इसका आधुनिकीकरण करके ई–लाइब्रेरी के तहत छात्रों को ईजर्नल, ई–बुक की सुविधा उपलब्ध करायी गई है, इसके साथ ही एडुसैट व्यवस्था के अन्तर्गत छात्रों को इग्नू, यूजीसी, एआईसीटीई वर्चुअल शिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान की गई है। परिसर के छात्रों को विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के योग्य बनाने हेतु आधुनिक खेल सुविधा से युक्त एकलव्य स्टेडियम का भी निर्माण किया गया है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर पहुँचाया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विभिन्न जनपदों में असहाय लोगों के लिए वस्त्र बाजार का आयोजन किया जाता है। परिसर को हरा–भरा करने के लिए वर्ष 2014 से एक छात्र एक पेड़ योजना संचालित की जा रही है जिसमें छात्रों से पौधरोपण कराकर उसके देख–रेख की जिम्मेदारी उन्हें सौंप दी जाती है। इंजीनियरिंग संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विश्वविद्यालय के पड़ोसी गाँव देवकली में आधुनिक संसाधनविहीन बच्चों को निःशुल्क कोचिंग पढ़ायी जाती है।

वर्तमान में पूर्वांचल के पाँच जनपदों के 765 महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं। विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक स्तर पर इंजीनियरिंग की छः शाखाओं इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बी फार्मा की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त स्नातकोत्तर स्तर पर एम.सी.ए., एम.बी.ए., एम.बी.ए. (बी.ई.), एग्रोबिजनेस, ई–कामर्स, एम.बी.ए. (एफ.सी.), एम.बी.ए. (एच.आर.डी.), मास कम्यूनिकेशन, व्यावसायिक मनोविज्ञान, एम.एस.सी. बायोटेक्नोलॉजी, पर्यावरण विज्ञान, अप्लायड माइक्रो बायोलॉजी, अप्लायड बायोकेमेस्ट्री विषयों की शिक्षा प्रदान की जाती है। यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

The University

Vision Statement

- Developing the University as an excellent centre of learning which offers quality higher education opportunity to all who deserve it and catalyses academic excellence in the society.
- Promoting research in the field of science, technology, humanities, literature, economics, social science, law, agriculture and allied disciplines.
- Creating an environment to motivate and support the academia to undertake advance studies and researches, to the benefit of the Nation and humanity as a whole.
- Preparing graduates acquainted and trained with the knowledge, communication skills and computer proficiency to meet the expectations of the global economy.

Stage one

i. Upgrading and restructuring class rooms, laboratories and libraries.
ii. Improving living standards of students and teachers in the campus by refurbishing hostels and staff quarters.
iii. Building Central Infrastructure of the University like Roads, Light, Sports, Auditorium, Conference-Halls, Guest House, Cafeteria.
iv. Developing state-of-the-art office network and accountability of registry.

Stage two

i. Putting in place a fair & transparent system of admission and examination, faster in processing with worldwide accessibility.
ii. Re-orienting the existing curriculum to achieve academic goal of quality teaching and research.
iii. Introducing innovative teaching programs with appropriate facilities and laboratories.
iv. Implementing accessible and low cost courses to cater the need of every one.

Stage three

i. Industry-interface for placement of pass outs.
ii. Mobilizing research grants and projects.
iii. Establishment of the Centers of Excellence.
iv. Signing MOU with foreign universities for collaborative teaching and research.

Faculties / Courses

Faculty of Agriculture
Departments (U.G. & P.G.)
- Agriculture Botany
- Agriculture Chemistry
- Agriculture Zoology & Entomology
- Agriculture Economics
- Agriculture Extension
- Horticulture
- Plant Pathology
- Animal Husbandry and Dairy
- Soil Conservation
- Agriculture Engineering
- Agronomy
- Genetics and Plant Bidding

Faculty of Arts
Departments (U.G. & P.G.)
- Sanskrit and Prakrit Language
- Hindi and Modern Indian Language
- Arbi, Farsi and Urdu
- English & Modern European Lang.
- Philosophy
- Psychology
- Education
- Economics
- Political Science
- Anthropology
- Ancient History, Archeology & Culture
- Medieval And Modern History
- Sociology
- Geography
- Fine Arts
- Library Science
- Music

Faculty of Commerce
Departments
- Department of Commerce (B.Com., M.Com.)

Faculty of Education
Departments
- B.Ed.
- M.Ed.

Faculty of Law
Departments
- Department of Law
  LL.B.
  LL.M.

Faculty of Sciences
Departments (U.G. & P.G.)
- Physics
- Chemistry
- Botany
- Zoology
- Mathematics
- Statistics
- Geology
- Defence Study
- Home Science
- Computer Science
- Bio-Chemistry
- Biotechnology
- Food and Nutrition
- Microbiology
- Industrial Fishery and Fisheries
- Industrial Chemistry
- Silk and worm culture
- Phys. Edu., Health Education & Sports
- Environmental Science
- Applied Microbiology
- Applied Biochemistry

Faculty of Medicine
Departments (U.G.)
- Pharmacy
- Medicine

Faculty of Engineering & Technology
Departments (U.G.)
- Electronics and Communication Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Science & Engineering
- Mechanical Engineering
- Information Technology
- Electronics & Instrumentation Engineering
- Master in Computer Applications
- Applied Physics
- Applied Chemistry
- Applied Mathematics
- Humanities & Social Sciences

Faculty of Management Studies
Departments
- Department of Business Administration
- Department of Human Resource Development
- Department of Finance & Control
- Department of Business Economics

Faculty of Applied Social Science
Departments
- Department of Applied Psychology
- Department of Mass Communication



The Vice-Chancellor

The Vice-Chancellor Prof. Peeush Ranjan Agrawal, M.Com., LL.B., D.Phil., University of Allahabad has a teaching and research experience of 33½ years. He has been Head of School of Management Studies and Department of Humanities and Social Sciences, Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad. He was Professor, Head and Dean, in the Faculty of Management Studies at Dr. H.S. Gour University, Sagar (M.P.), before serving the Allahabad University. He published 45 articles and research papers and 6 books as author/co-author on various contemporary issues on Accounting, Finance, Economics and Management in which few issues covered are : FN Inflow in India, SE Asian Financial Crisis, External Commercial Borrowings & National Debt Management, FDIs and Rural Marketing, Food security. His book entitled "A Comprehensive Approach to Mutual Fund" was released and commented upon by the former Prime Minister Dr. Manmohan Singh. He supervised Nine Ph.D. thesis on IPOs, Venture Capital, Household Portfolio Management, Foreign Equity Market, Foreign Banking and Institutional Retailing, Foreign Institutional Investment, External Commercial Borrowings and concluded a major research project of UGC on International Equity Market. Prof. Agrawal had been the visiting associate to UTI Institute of Capital Market, Navi Mumbai; Visiting Professor to Luigi Bocconi University, Milan, Italy; School of Management, Asian Institute of Technology, Thailand under the HRD's Indian Faculty -Secondment Exchange Programme. He also visited USA, Canada, UK, France, Italy and Japan to participate in international events, conferences and MDPs. He surveyed and interacted with a number of MNCs in UK, France and Thailand. He chaired and presented a research paper in four Global conferences on Business and Economics, Oxford University, U.K. and chaired a Technical Session and Member of the Organizing Committee of the 12th Asian Pacific Management Conference, Bangkok, 2006. The economist of USA acclaimed his one research paper titled '4 Ps Interlocutory Model of FDI' as excellent one. He developed Food Security Grid Model, published by FCI Institute, Gurgaon. Prof. Agrawal was awarded two times by the President of India, and once by the Prime Minister of India for contribution made in the field of Social/ Community works. He has been availed the 'Career Award' of University Grants Commission, 'The Best Teacher Award' by Allahabad Chapter of AIMA and 'Gold Medal' by All India Congress of Farmers and Agricultural Scientists and felicitated with 'Gour Samman - 2015' by Dr. Hari Singh Gour University Sagar, Madhya Pradesh.

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

बीसवाँ दीक्षांत समारोह के अवसर पर

कुलपति जी का उद्‌बोधन

बुधवार, 01 फरवरी, 2017

माननीय कुलाधिपति, बीसवें दीक्षान्त समारोह के अध्यक्ष, माननीय श्री राम नाईक जी, समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्म श्री एवं पद्म भूषण डॉ0 बी0 एन0 सुरेश, अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी एवं पूर्व निदेशक, विक्रम साराभाई स्पेस सेन्टर, श्री जितेन्द्र कुमार जी, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 शासन, कार्यपरिषद, विद्यापरिषद के सम्मानित सदस्यगण, समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, सम्मानित अतिथिगण, विभिन्न महाविद्यालयों के प्रबन्धक, प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण, समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार बन्धुओं, उपाधि प्राप्तकर्त्ता एवं स्वर्णपदक विजेता मेधावियों, समस्त विद्यार्थियों तथा अभिभावकगण !

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के बीसवें दीक्षान्त समारोह के शुभ अवसर पर मैं विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ। इस अवसर पर मैं विश्वविद्यालय की ओर से प्रेरणास्रोत, मार्गदर्शक माननीय श्री राम नाईक जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। माननीय कुलाधपति जी के प्रेरणादायी, मौलिक एवं व्यवहारिक निर्देशन ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा में व्यापक परिवर्तन की संभावनाओं के साथ नई सोच, नई दिशा तथा नव चेतना को पुनः जागृत किया है। आपकी जन चेतना से जुड़ी हुई संवेदनशीलता एवं पूरे प्रदेश की उच्च शिक्षा को राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाने की कटिबद्धता से शिक्षा जगत आश्वस्त है।

समारोह के मुख्य अतिथि, देश की प्रतिरक्षा से जुड़ी अत्यन्त संवेदनशील, उपलब्धियों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्म भूषण डॉ0 बी0 एन0 सुरेश जी, की उपस्थिति इस विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए गौरव एवं युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। आपने दीक्षान्त उद्‌बोधन के लिए हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया, जिसके लिए विश्वविद्यालय परिवार हृदय से आभारी है।

विश्वविद्यालय के इस बीसवें दीक्षान्त समारोह के पावन अवसर पर मैं उन सभी विभूतियों विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 वीर बहादुर सिंह जी का स्मरण करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ, जिनके सद् प्रयासों से अस्तित्व में आया पूर्वान्चल की जनता के लिए ज्ञान का यह प्रकाश–स्तम्भ अपने उद्‌देश्यों की प्राप्ति हेतु अग्रसर है।

पूर्वान्चल की भूमि के जिस स्थल पर यह विश्व–विद्या–केन्द्र स्थापित हुआ है, उस जौनपुर का ऐतिहासिक ही नहीं, वरन् एक प्राचीन पौराणिक महत्व भी है। पौराणिक, आख्यानों के अनुसार पूर्वान्चल का यह क्षेत्र ऋषि भृगु, महर्षि जमदग्नि, महर्षि दुर्वासा एवं महर्षि देवल की साधना भूमि रही है।

आज मैं, सभी उपाधि तथा स्वर्णपदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने अपने अनवरत् परिश्रम के बल पर ज्ञान अर्जन कर जीवन का एक अहम पड़ाव पार किया है। ज्ञान का नवसृजन इस पीढ़ी को निरन्तर नई दिशा की ओर अग्रसर करता रहेगा। प्रिय विद्यार्थियों! आज आपने कृषि, कला, वाणिज्य, शिक्षा, विधि, विज्ञान, प्रबन्ध अध्ययन, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी, इंजीनियरिंग और टेक्नालॉजी एवं औषध संकायों में स्नातक, परास्नातक एवं पी–एच0डी0 की उपाधि को अर्जित कर अपने गुरुजनों, अभिभावकों एवं विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। उमंग और उत्साह के साथ अपने जीवन को आगे बढ़ाने का प्रयास अगर आप निरन्तर करते रहेंगे, मैं विश्वास से कहता हूँ कि आप जिस क्षेत्र में रहेंगे उस क्षेत्र से समाज को अवश्य कुछ न कुछ दे सकते हैं। मैं आशा करता हूँ कि आप अपने सामर्थ्य से आगे बढ़ें। अपने माता–पिता की जो आशाएं, आकांक्षायें, अपेक्षायें आपसे हैं उन्हें पूरा करने की ईश्वर आपको पूरी शक्ति दे। आपकी यह निष्ठा नये युग का निर्माण करने में सहायक होगी और आप सदैव जनहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करते रहेंगे।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में अवस्थित विश्वविद्यालय परिक्षेत्र की अनेक भौगोलिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक विशिष्टताएँ हैं। यहाँ के विद्यार्थियों में असीम उत्साह एवं क्षमता है। उन्हें जीवन के प्रति आधुनिक विचारों के साथ नये–नये तकनीकी, आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों से प्रशिक्षित करते हुए जीवन की ऊँचाईयों को छूने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। बौद्धिय विकास की यह प्रयोगशाला, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय अपने उद्‌देश्य एवं कर्त्तव्य के प्रति कटिबद्ध रहते हुए निरंतर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तम्भ की भाँति मार्ग दर्शन करता रहेगा।

माननीय कुलाधिपति जी की प्रेरणा से इस विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मूल्यांकन कराया जा चुका है और विश्वविद्यालय बी+ की श्रेणी में आ चुका है। गुणवत्ता के लिए मार्गदर्शिका अनिवार्य तत्व है। इस हेतु सत्र 2015–16 में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों का AISHE पर

100 प्रतिशत पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2015 से ही समस्त पी–एच0डी0 उपाधियों के शोध–प्रबन्धों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित 'शोधगंगा' कार्यक्रम पर पंजीकृत कराया जा रहा है। अभी तक कुल 617 शोध प्रबन्ध शोध गंगा पर अपलोड किये जा चुके हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाईट को पुनः रेखांकित किया गया है । परीक्षा के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से ऑनलाईन आवेदन पत्र लेने के उपरान्त ऑनलाईन प्रवेशपत्र एवं इलेक्ट्रानिक मार्कशीट के वितरण की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। आनलाइन माइग्रेशन एवं आनलाइन प्रोविजनल प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने की कार्यवाही का कार्य प्रगति पर है। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को डिजिटल करने हेतु कार्य निरन्तर प्रगति पर है। ई–पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। विश्वविद्यालय परिसर में वर्चुअल क्लासरूम स्थापित किये जा चुके है एवं कान्फ्रेंसिंग की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को सेन्टर आफ एक्सीलेन्स घोषित किया गया है। विश्वविद्यालय में आप्टिकल फाइबर का लोकल नेटवर्क समस्त प्रयोगशालाओं, कार्यालयों, कक्षाओं तथा छात्रावास के कमरों तक स्थापित है जिसका रखरखाव एवं संचालन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त संकायों–कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि, विधि, शिक्षा, इन्जीनियरिंग, मैनेजमेन्ट, फार्मेसी एवं अप्लाईड सोशल साइन्स के यू0जी0 एवं पी0जी0 स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दर्शित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम, सीट संख्या निर्धारण, फीस, आदि का विवरण वेबसाईट पर दर्शित है।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाँच जनपदों के कुल 765 महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2016–17 के शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार समयबद्ध ढंग से प्रवेश, शिक्षण कार्य, परीक्षा आवेदन पत्र, परीक्षा संचालन हेतु कार्यवाही की जा रही है।

राज्य सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए अनुदान से रिसर्च इनोवेशन सेन्टर, का निर्माण कराया जा रहा है तथा ए0पी0जे0अब्दुल कलाम छात्रावास एवं डा0 भोलेन्द्र सिंह इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कराया जा चुका हैं।

पर्यावरण संरक्षण एवं विद्यार्थियों के मन में प्रकृति के प्रति लगाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से एक छात्र एक पेड़ अभियान अनवरत् चलाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान के अन्तर्गत हजारों पौधों को छात्रों द्वारा रोपित कराया गया है। उनके मनोभावों को जागृत किया गया है।

माननीय कुलाधिपति जी आपके निर्देश पर विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान बड़े पैमाने पर चलाया गया। विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने इसमें अपनी सक्रिय भूमिका अदा की।

योग के प्रति जागरूकता एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग कक्षायें संचालित हो रही है, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही साथ आम–जन भी लाभान्वित हो रहे हैं।

वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया जिसमें नगद रहित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर नई पीढ़ी को जागरूक किया जा रहा है।

प्रिय विद्यार्थियों! विश्वविद्यालय न केवल एक शैक्षणिक संस्थान है, बल्कि बौद्धिक एंव चारित्रिक चेतना के निर्माण का एक केन्द्र भी है। आधुनिक प्रयोशालाओं, पुस्तकालयों, कक्षाओं, योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन, उपयुक्त प्रशिक्षण एवं पाठ्येतर गतिविधियो में तल्लीनता बहुमुखी विकास के मार्ग को प्रशस्त कर सकती है। ज्ञानार्जन के विभिन्न तकनीकी साधनों के बावजूद परम्परागत कक्षाओं में विद्यार्थी एवं शिक्षक का शैक्षणिक संवाद उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व निर्माण का सर्वोच्च कारक सिद्ध होता है। इस अवसर पर मुझे विश्वविद्यालय की पाठेयतर गतिविधियों से जुड़ी उपलब्धियों की चर्चा करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। जहाँ एन0एस0एस0 एवं रोवर्स रेंजर्स जैसी गतिविधियों में विश्वविद्यालय का राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है, वहीं विगत तीन वर्षो से राजभवन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सफलता का न केवल साक्षी रहा है, अपितु मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन भी करता रहा है।

आदरणीय कुलाधिपति जी! आपके संरक्षण में हम अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रयासरत् है। आपके मार्गदर्शन से यह विश्वविद्यालय अपने निर्धारित उद्देश्यों को निरन्तर प्राप्त कर सकेगा, इसका हमें पूर्ण विश्वास है। हमारा प्रयास है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की पंक्ति में प्रमुख स्थान प्राप्त करे।

पूर्वांचल में अवस्थित इस विश्वविद्यालय की उनतीस वर्षों की विकास–यात्रा और शैक्षणिक उपलब्धियाँ समर्पित शिक्षक, प्राचार्य, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक प्रयत्नों से संभव हो सकी है। मैं, सभी स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को पुनः हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे अपने उत्कृष्ट योगदान से विश्वविद्यालय एवं देश का नाम आलोकित करेंगे।

मैं, इस सभागार में उपस्थित सभी अभिभावकों, डिग्री धारकों, स्वर्णपदक विजेताओं एवं आगन्तुकों का वसन्तोत्सव के पावन पर्व पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

जय हिन्द!



माननीय श्री राम नाईक

कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

परिचय

माननीय श्री राम नाईक जी का जन्म 16 अप्रैल, 1934 को महाराष्ट्र के सांगली जनपद के आटपाडी गाँव में एक मध्यमवर्गीय देशस्थ परिवार में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। पुणे में बृहन् महाराष्ट्र वाणिज्य महाविद्यालय से 1954 में बी.काम. तथा मुंबई में किशनचंद चेलाराम महाविद्यालय से 1958 में एल.एल.बी. की शिक्षा प्राप्त की। श्री नाईक ने अपना व्यावसायिक जीवन 'एकाउंटेण्ट जनरल' के कार्यालय में अपर श्रेणी लिपिक के रूप में शुरु किया। बाद में उनकी उच्च पदों पर उन्नति हुई और 1969 तक निजी क्षेत्र में कंपनी सचिव तथा प्रबंध सलाहकार के रूप में आपने कार्य किया।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने 14 जुलाई 2014 को श्री राम नाईक को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के तौर पर मनोनीत किया। आपने 22 जुलाई 2014 को लखनऊ में पद ग्रहण किया।

आपको साऊथ इंडियन एजुकेशन सोसायटी, मुंबई की ओर से 'राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार' कांची कामकोटि पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्य जयेन्द्र सरस्वती के हाथों मुंबई में दिनांक 13 दिसम्बर 2014 को प्रदान किया गया। इसके पूर्व इस पुरस्कार से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ० शंकर दयाल शर्मा और पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम जैसे महानुभावों को अलंकृत किया गया है।

आप श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में गठित मंत्री परिषद में 13 अक्टूबर 1999 से 13 मई 2004 तक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री रहे। इसके पूर्व 1998 की मंत्री परिषद में आपने रेल (स्वतंत्र प्रभार), गृह, योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन और संसदीय कार्य मंत्रालयों में राज्यमंत्री (13 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999) के रूप में कामकाज संभाला था।

पेट्रोलियम मंत्री के रूप में आपने अक्टूबर 1999 में पदभार संभाला। कारगिल युद्ध में शहीद वीरों की पत्नियों, निकटस्थ रिश्तेदारों को तेल कंपनियों के माध्यम से पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी की डीलरशिप देने की विशेष योजना भी आपके द्वारा ही मंजूर की गई। संसद भवन पर हुए हमले में शहीद कर्मचारियों के परिवारजनों को भी पेट्रोल पंप आवंटित किए। पेट्रोल–डीजल के वाहनों से प्रदूषण कम हो इसलिए दिल्ली और मुंबई में सीएनजी गैस देना प्रारंभ किया।

आपने 1964 में 'गोरेगांव प्रवासी संघ' की स्थापना कर उपनगरीय यात्रियों की समस्याओं को सुलझाने का कार्य प्रारंभ किया। बाद में रेल राज्यमंत्री के नाते विश्व के व्यस्ततम मुंबई उपनगरीय रेल के 75 लाख यात्रियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 'मुंबई रेल विकास निगम' की स्थापना की।

संपूर्ण देश में रेल प्लेटफार्मों पर तथा यात्री गाड़ियों में सिगरेट तथा बीड़ी बेचने पर पाबंदी लगाने का ऐतिहासिक काम भी आप द्वारा किया गया। यात्रियों से सुझाव लेकर नई गाड़ियों का नामकरण करने की अनोखी लोकप्रिय पद्धति का प्रारंभ भी आपने ही किया। 11 जुलाई 2006 को लोकल गाड़ियों में हुए बम विस्फोट से पीड़ित परिवारों को सहायता पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए।

आपने महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार पांच बार जीतने का कीर्तिमान बनाया है, इसके पूर्व तीन बार आप महाराष्ट्र विधानसभा में बोरीवली से विधायक भी रहे हैं। राज्यपाल का दायित्व सम्भालने के बाद आपने पहले तीन महीनों का कार्यवृत्त 'राजभवन में राम नाईक' 20 अक्टूबर 2014 को प्रस्तुत किया।

आपने संसद में 'वंदे मातरम्' का गान प्रारंभ करवाया। आपके प्रयासों के फलस्वरुप ही अंग्रेजी में 'बॉम्बे' और हिन्दी में 'बंबई' को उसके असली मराठी नाम 'मुंबई' में परिवर्तित करने में सफलता मिली। संसद सदस्यों को निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए सांसद निधि की संकल्पना आपकी ही है।

तारापुर अणु ऊर्जा प्रकल्प 3 व 4 के कारण विस्थापित हुए पोफरण व अक्करपट्टी ग्रामवासियों के पुनर्वास पर आपने 'गाथा संघर्षाची' मराठी तथा 'Saga of Struggle' अंग्रेजी किताबें भी लिखी हैं। 1987 में विख्यात समाजशास्त्री कै. शरदचंद्र गोखले द्वारा स्थापित इंटरनेशनल लेप्रसी यूनियन, पुणे के आप अध्यक्ष भी रहे हैं।

श्री राम नाईक जी ने अपने जीवन के संस्मरण भी लिखे जो लोक प्रिय मराठी दैनिक 'सकाल' में प्रकाशित होते रहे। बाद में यह पुस्तक रूप 'चरैवेति! चरैवेति!!' (चलते रहो, चलते रहो) दिनांक 25 अप्रैल, 2016 को प्रकाशित हुआ। तत्पश्चात इसका अंग्रेजी, हिन्दी, गुजराती और उर्दू भाषा में अनुवाद हुआ है। श्री राम नाईक जी एक विशिष्ट छवि वाले व्यक्ति हैं जो प्रत्येक कार्य में सूक्ष्मता और पारदर्शिता एवं जागरूकता के लिए जाने जाते हैं। 82 वर्ष की आयु में आप कठोर परिश्रम एवं तत्परता के साथ कार्य में व्यस्त रहते हैं।

आप वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलाधिपति के रूप में विश्वविद्यालय को गुणवत्तापरक शैक्षणिक एवं शोध के विकास के लिए अमूल्य योगदान दे रहे हैं। कुलाधिपति के रूप में आप हमारे लिए प्रेरणा एवं आशा के स्रोत हैं।

Padma Shri & Padam Bhushan Dr. B.N. Suresh

President, Indian national Academy of Engineering, New Delhi
Honorary Distinguished Professor, ISRO, Bangalore

The Chief Guest

Dr. BN Suresh is a renowned aerospace engineer with accomplishments in space technology in the arena of launch vehicle design, aerospace navigation, control and actuation systems, vehicle electronics, modelling and simulation. During his career in the Indian Space Research organisation spanning around four decades, Dr Suresh had enough opportunities in partaking and shaping the space programme as well as in guiding it from pivotal positions. He has commendably held the post of Director, Vikram Sarabhai Space Centre (VSSC), the lead Centre of ISRO in launch vehicle development for the period 2003 to 2007. He was also the founding Director of the prestigious Indian Institute of Space Science and Technology established by ISRO.

Dr Suresh took his degree in Science in 1963 and in Engineering in 1967 from Mysore University. Later he took his Post Graduate degree from IIT Chennai in 1969. He started his career in ISRO at Vikram Sarabhai Space Centre (then Space Science and Technology Centre) in 1969. Later he earned his doctoral degree in Control Systems from Salford University, UK under commonwealth Scholarship. At VSSC he has held various positions like Group Director Control & Guidance Group; Project Director, Inertial Guidance Systems Project; Deputy Director (Avionics) and Associate Director (R&D) VSSC before taking over as Director VSSC in 2003. Presently he is Member, Space Commission.

He is a fellow of several professional bodies like Indian National Academy of Engineering, Astronautical Society of India, Aeronautical Society of India as also International Academy of Astronautics. Presently he is President for System Society of India. He has served as Chairman for 5 years for astrodynamics session in the International Astronautical Congress being held annually. As Head of the Indian delegation for the United Nations Committee on Peaceful Uses of Outer Space at Vienna, Austria he shouldered the responsibility to protect the interests of Indian Space Community in UN meetings for four years. He was also selected to chair the prestigious United Nations Scientific and Technical subcommittee dealing with Peaceful Use of Outer Space, in the year 2006. It was a matter of honour that a technical expert from a developing country was selected for this coveted post.

He has several awards and honours to his credit. Prominent among them are 'Dr. Biren Roy Space Science Design Award' from Aeronautical Society of India in 1993, 'Agni Award' for excellence in self reliance from DRDO in 1999, 'ASI Award' for contribution to rocket and related technologies from Astronautical Society of India in 2000, 'Distinguished Alumni Award' from IIT Chennai in 2004 and 'Technical Excellence Award' by Lions International in 2006. In addition the nation honoured him awarding prestigious Padma Shri in the year 2002 and Padam Bhushan in year 2013. He has published more than 45 technical papers in national and international symposiums, conferences and journals and guided more than 500 technical reports in the area of launch vehicle design, mission, avionics and other associated areas.

Convocation Address

Chief Guest

Padma Shri & Padam Bhushan Dr. B.N. Suresh

President, Indian national Academy of Engineering, New Delhi
Honorary Distinguished Professor, ISRO, Bangalore

Honourable Chancellor of the University, Distinguished Vice Chancellor, Principal Secretary Higher Education, U.P., Directors of the Institutes, Members of the Senate, the Faculty, invited guests, degree and prize recipients, proud parents, ladies and gentlemen:

It is indeed a great privilege and honour for me to be amongst you in this fine morning in such a beautiful environment to participate in the Convocation of this great Purvanchal University. Let me first of all convey my warm greetings and hearty congratulations to each and every recipient of the degree and award winners and wish each one of you a very bright future and a very successful career. No doubt, today is indeed a very special day for all of you, who have acquired your degrees and received your honours by your sheer hard work for the past few years in this prestigious University. You have spent all your time till now as students in a safe environment and now moving into larger world seeking to shape your own career and future. This is an excellent opportunity for all of you to choose your own career and contribute in your own way for the betterment of the society. Today India is one of the fastest growing economies in the world and expected to attain the status of one of the developed Countries very soon. Therefore India at this juncture provides immense opportunities in almost every domain and each such opportunity is very exciting and at the same time very challenging.

This University has trained you commendably, imparted the needed knowledge and skills to each one of you and also has taught how to face the challenges. With this background you have an excellent opportunity to utilize your skills intelligently and try to provide a great future to our great Nation. You may opt to choose an area which is close to your heart which you should and put your heart and soul in achieving the goal set by yourself. When I joined the space Department way back in the middle of 1969 as a young engineer, I did not even know about the space activities or its use for the Country. But thanks to the environment I had in the Organization, I started enjoying every minute of stay there and able to contribute to the Nation to my satisfaction. The message is that as long as you are enjoying what you are doing, you will have the full satisfaction and you would certainly achieve the success. It is therefore important to start enjoying the task or career you are going to choose.

All of you are now entering into a new world, which no doubt is unknown territory, different from the world you have spent so far. It certainly is more exciting, as well as more challenging. It is natural that as we move further in our life, take up a new career or a new activity we are bound to face number of challenges. Whenever we face such challenges there are two ways of treating them, either from a perspective of helplessness or from a standpoint of one's own belief. But when we choose the latter, we are consciously optimistic and these challenges open up a vista of opportunities. Once we accept a challenge, no doubt we step into the world of the unknown and it has a potential to change us forever. We need to seek right

solutions to the challenges we face. With the right mental attitude can certainly reframe the way one treats the challenges.

At this point I would like to recall the very first challenge I faced, ri at the beginning of my career, when I joined Indian Space Resea Organisation (ISRO) at Thiruvanathapuram in the middle of 1969 and how it tau me to transform the challenge into opportunity. Soon after I joined the Sp Department, I was assigned the development of one of the control systems for our laun vehicle. This topic was totally new to me and was very different from the subjects I had stud all through my graduation and post graduation. Therefore I was in a dilemma to accept assigned task with confidence, which had no connection with the subjects I had studied all alo during my study days. The option I had was to quit the job and join some other Organaisation. T certainly was the first great challenge of my career. I spent two days thinking over problem again and again, discussing with my seniors, family members and spending a lot time in library. At the end of two days, I still had a grip of fear of failing in my fi assignment. I do not know the precise reason, but I decided to accept the challenge. May be thought that it would provide me an opportunity to learn a new discipline right in the beginning my new career.

The difference between the probability of success and failure, when we face such challenge is only in our perception. How we represent things to ourselves determines our respons to that situation. Our positive response surely gives us the right solution. I spent a lot of m time in the next couple of months, studying the new subject intensely in library an discussing with the control experts in the department. Deep and deep I started exploring th new subject, not only it became interesting but more and more fascinating. This intens involvement and urge to learn something new led me to build a proto unit of the syste assigned to me successfully within a span of one and half years. I am happy that it has become forerunner for today's advanced control systems used in all our launch vehicles.

During 1975 when I applied for the commonwealth scholarship for doctoral studies a United Kingdom, they were looking for scientists working in the area of cutting edg technologies in India. Certainly my experience and learning this specialized field of aerospac control systems for five years facilitated my selection. I am happy that the decision I made t accept the challenge in the very beginning of my career helped me to open up an opportunity to do doctorate in a very specialized field in one of the premier Institutions at United Kingdom.

In all our careers and life, challenges are the real stuff of life. They certainly create an opportunity, make us stronger and smarter and provide us the way forward. Another important task, I undertook was the development of one of the complex systems for the fighter aircraft, which was denied by a foreign company although they had agreed to supply and the contract was signed. This happened due to sudden embargo imposed on us immediately after Pokhran test in 1998. It was a very complex product with precision and advanced engineering. It involved, among other things, networking with several agencies in the Country. It also demanded, building a number of facilities at different Organizations all over India. As we progressed we faced unmber of problems including a few failures. I knew that the road we travelled was very rough and the task took more than 10 years before the system was qualified and accepted. The lesson I learnt is the self-discovery. Such an experience gave me and to my entire team tremendous confidence to undertake such complex jobs in future. It would not be wrong that if I mention



here that when we succeeded in building such a complex system India became the second country to master this technology in the world.

Important lesson is that until we jump into challenges we won't have any opportunities. It is one of the most empowering things we can do for ourselves. We chalked out well planned development route looking into all aspects of development and testing. We started controlling our steps from the very first step, systematically and cautiously, so that we are in the right direction. This kind of planning and execution made it much easier for us to maintain the right direction and reach the set goals. In my opinion it not only paved the way for success but also provided an excellent opportunity to learn many new and exciting things.

When we talk about the new learning, I am reminded of one of the great sons of India, Swami Vivekananda. His 154th birthday was celebrated all over India on 12th January. His teachings are numerous and immortal. One of his teachings which I love most is that. Experience is the greatest teacher in this world. The learning should continue till our last breath. Gaining knowledge should be our prime aim as we move on, in our lives. He adds further that the education which does not enable a person to stand on his own feet, does not teach him self-confidence and self-respect, is useless. Positive education is the need of the hour and it no doubt encourages learning newer and newer things till we gain self-confidence and self-respect.

All of you are proceeding to choose your own future options. If we look at the world we live in today it is imperative that we learn to integrate seamlessly the learning, research and innovation. We all know that the learning is acquiring the known knowledge, research is creating a new knowledge and innovation is converting the knowledge into wealth and social good. In a University, all of us learn a particular subject in great detail. All of you will be transiting from the college to either higher studies, your own chosen careers, may be start-ups, corporate world or any other area you may choose. The moment we step out of the University and start working in a real-life environment, we realize that what was already learnt is not quite enough. There is a need to learn new skills like taking a system view of things, shining the mental searchlight into unexplored territories, developing soft skills for dealing with people, working as a single team, so on and so forth. In a way you will be moving from the domain of predictability to unpredictability. We all need to shoulder bigger and bigger responsibilities as we move up in our career and in our future. So far you have been excelling as an individual. But once we move to the outside world we need to learn to work in teams in a multidisciplinary environment.

Having worked in the Space Department for the past four decades one thing I experienced is that we have great talent in India. The space systems are highly complex and most of them are banned items due to geopolitical situations and we have to build each one of them from scratch. Our scientists and engineers without foreign assistance have built all of them successfully and today Country has a very vibrant space programme. With 100 percent of our own indigenous talent we succeeded in our first attempt to reach Mars accurately, at a low cost and in a short time using our own indigenously built Mars orbiter mission, popularly known as MOM thus creating waves across the globe. In India we have several such examples in every other domain. We are also presently building the longest and highest bridge in the Himalayas which is one of the engineering marvels. We are the world leaders in information technology. This only proves that the Indian Talent in any domain you take, is second to none. I am very proud to see such an abundant talent in front of me here today. Often asked question to me is what is India's best export to the

world. No doubt it is the great Indian talent. Look at the Indra Nooyi as head of Coca Cola, SundarPichai as the CEO of Google. Anshu Jain as Co-CEO of Deutsche Bank, Satya Nandella as the CEO of Microsoft and many more in key positions all across the globe.

iv) अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातःकाल 5.00 बजे योगाभ्यास कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र, छात्राएँ, शिक्षक, अधिकारी एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विभिन्न विद्वानों द्वारा योग दिवस के उपलक्ष्य में उद्बोधन प्रदान किये गये। उक्त समस्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए।

5. 21 से 26 जून तक विश्वविद्यालय के शोध एवं नवाचार केन्द्र में "शोध प्रविधि एवं कम्प्यूटर एप्लिकेशन" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का तिथिवार विवरण निम्नवत् है:–

21 जून — कार्यशाला– प्रथम

प्रथम सत्र में प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल, कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा 'Dynamics of International Convergence: Begin with holistic view' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 63 शोधार्थी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में प्रो. ओ.पी. राय, प्रति कुलपति, बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया (बिहार) ने 'Process of Research Methodology' विषय पर तथा डा. तनुज नन्दन, स्कूल आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, एमएनएनआइटी, इलाहाबाद ने 'An Introduction to Statistics with SPSS' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 65 शोधार्थी उपस्थित रहे।तृतीय सत्र में डा0 नूपुर तिवारी,वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 60 शोधार्थी उपस्थित रहे।

22 जून — कार्यशाला– प्रथम

प्रथम सत्र में डा. विवेकानन्द जैन, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, बी.एच.यू. वाराणसी द्वारा 'Library: Introduction to e-resource'

विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 67 शोधार्थी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में डा. तनुज नन्दन, स्कूल आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, एमएनएनआइटी, इलाहाबाद द्वारा 'Applications of SPSS on research data Analysis' विषय पर तथा प्रो0 अरविन्द जोशी, बी0एच0यू0, वाराणसी द्वारा 'Research methodology of Social Scinces' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 66 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा. कुशेन्द्र मिश्रा, डिपार्टमेन्ट आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ, ने 'Importance of Research Methodology in Research' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 69 शोधार्थी उपस्थित रहे। चतुर्थ सत्र में डा. विवेकानन्द जैन, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, बी.एच.यू, वाराणसी ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया । इस व्याख्यान में 52 शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला– द्वितीय

प्रथम सत्र में प्रो. ए.के. राय, बी.एच.यू, वाराणसी द्वारा (i) 'Tips for Thesis and Paper Writing' (ii) 'How the data should be analyzed?' विषय पर तथा प्रो0 देवेश कुमार, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ, द्वारा 'Research outcomes' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 48 शोधार्थी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में डा. विभूति त्रिपाठी, स्कूल आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, एमएनएनआइटी, इलाहाबाद, द्वारा 'Applications of SPSS on research data Analysis' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 46 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा0 नूपुर तिवारी वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया. इस व्याख्यान में 48 शोधार्थी उपस्थित रहे।

23 जून — कार्यशाला– प्रथम

प्रथम सत्र में डा. विभूति त्रिपाठी, स्कूल आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, एमएनएनआइटी, इलाहाबाद, द्वारा 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 53 शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में डा0 शशि श्रीवास्तव, फैकल्टी आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, बी0एच0यू0, वाराणसी द्वारा 'Preparation of Research Propsal' विषय पर तथा प्रो. आर.के. लोधवाल, फैकल्टी आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, बी एच.यू., वाराणसी, द्वारा 'Sampling Design' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 67 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में प्रो. ए.के. कौल, समाजशास्त्र विभाग, बी0एच0यू0, वाराणसी द्वारा 'Importance of Research Methodology in Social Sciences' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 63 शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला– द्वितीय

प्रथम सत्र में डा. संजीव सर्राफ, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, बी.एच.यू, वाराणसी ने 'Library:

Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीयसत्र में प्रो0 एस0बी0 निम्से, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 49 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में प्रो0 लल्लन मिश्रा, बी.एच.यू. वाराणसी ने 'Introduction to Research Methodology' विषय पर तथा डा. राकेश कुमार सिंह, ट्रान्सलेशनल विज्ञान प्रयोगशाला, एफ.एस.यू. कालेज आफ मेडिसिन, तालाहासी, फ्लोरिडा, यूएसए ने 'Importance of Research Methodology' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 44 शोधार्थी उपस्थित रहे।चतुर्थ सत्र में डा. संजीव सर्राफ, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, बी.एच.यू. वाराणसी ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 44 शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला– तृतीय

प्रथम सत्र में प्रो. ए.के. कौल, समाजशास्त्र विभाग, बी0एच0यू0, वाराणसी द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में 102 शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में प्रो. वाचस्पति द्विवेदी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने तथा प्रो0 राम मोहन पाठक, पूर्व निदेशक, एम0एम0एम0एच0 पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 102 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा0 नूपुर तिवारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांन्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 93 शोधार्थी उपस्थित रहे।

24 जून कार्यशाला– द्वितीय

प्रथम सत्र में डा0 सौरभ पाल, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 45 शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में डा0 ज्ञान प्रकाश, इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, बी0एच0यू0, वाराणसी ने 'Basics of Biostatistics' एवं 'Role of statistics in Biological Research' विषय पर व्याख्यान दिया।

कार्यशाला– तृतीय

प्रथम सत्र में डा. संजीव सर्राफ, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, बी.एच.यू. वाराणसी ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 109 शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में प्रो0 राम बिलास, बी0एच0यू0, वाराणसी ने तथा प्रो0 कृपा शंकर, बी0एच0यू0, वाराणसी ने व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 109 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा. तुषार सिंह, बी.एच.यू. वाराणसी ने 'Introduction to Research' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 109 शोधार्थी उपस्थित रहे। चतुर्थ सत्र में डा. ज्योति मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 109 शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला– चतुर्थ

प्रथम सत्र में प्रो0 कीर्ति सिंह, पूर्व कुलपति, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ने 'Importance of course work in research' विषय पर, श्री नितिन रमेश गोकर्ण, मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी ने तथा डा. तुषार सिंह, बी.एच.यू., वाराणसी ने 'Introduction to Research' विषय पर व्याख्यान दिया । इस व्याख्यान मे 115 शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में डा0 उपेन्द्र पाण्डेय, बी.एच.यू., वाराणसी ने "क्वालिटेटिव रिसर्च की प्रविधि" विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 115 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा0 नूपुर तिवारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया।

25 जून कार्यशाला– तृतीय

प्रथम सत्र में डा0 सौरभ पाल, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में प्रो0 गीता राय, बी.एच.यू., वाराणसी तथा प्रो0 रमाशंकर त्रिपाठी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने व्याख्यान दिया।इस व्याख्यान में 114 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र मे प्रो0 डी0 गंगाधर, बी.एच.यू., वाराणसी ने व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 87 शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला – चतुर्थ

प्रथम सत्र में डा. ज्योति मिश्रा, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 10[illegible] शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में प्रो0 अविनाश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व कुलपति, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी ने 'Introduction to Research Papers' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 124 शोधार्थी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में डा0 अतुल सिंह, इलाहाबाद डिग्री कालेज, इलाहाबाद ने 'Introduction of SPSS' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 117 शोधार्थी उपस्थित रहे। चतुर्थ सत्र में डा0 एच0के0 चक्रवर्ती, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने 'Library: Introduction to e-resource' विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में 117 शोधार्थी उपस्थित रहे।

26 जून कार्यशाला – चतुर्थ

प्रथम सत्र में डा0 सौरभ पाल, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 'Computer Application: Hands on training' विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में डा0 अतुल सिंह, इलाहाबाद डिग्री कालेज, इलाहाबाद ने 'Introduction of SPSS' विषय पर तथा प्रो0 हेरम्ब चतुर्वेदी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने "साहित्य एवं इतिहास के मध्य सम्बन्ध" विषय पर व्याख्यान दिया।

तृतीय सत्र में डा0 ए0के0 मिश्रा, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ ने 'How to write research paper and use of MLA style sheet 8th edition?' विषय पर व्याख्यान दिया । कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले समस्त शोधार्थियों को शुभकामना देते हुए प्रमाण–पत्र वितरित किया गया।

6. 20 जून से 26 जून तक विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

7. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में INFLIBNET द्वारा विकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में किताबों की डाटा एन्ट्री

कराया जा रहा है। अब तक 56000 से अधिक किताबों का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह साफ्टवेयर विश्वविद्यालय महाविद्यालयों के पुस्तकालय के आंतरिक कार्य जैसे किताबों आदान प्रदान, सूचीकरण, पत्र–पत्रिकाओं का नियंत्रण, OPAC कार्य करने में समर्थ है।

30 जून तक विश्वविद्यालय के 515 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये।

30 जून तक AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015–2016 हेतु 614 महाविद्यालयों का पंजीकरण तथा 588 महाविद्यालयों का फार्म अपलोड कराया जा चुका है।

माह : जुलाई 2016

13 जुलाई को परीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन–अध्यापन का कार्य 16 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है।

विश्वविद्यालय परिसर में 16 जुलाई से 21 जुलाई तक रेमेडियल कोचिंग की कक्षाएं संचालित की गयीं।

विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में गणित विभाग "न्यूमेरिकल टेक्निक्स एंड प्रोग्रामिंग इन MATLAB "विषय पर साप्ताहिक व्याख्यान माला दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई तक विश्वविद्यालय के रिसर्च एवं इनोवेशन सेन्टर में आयोजित की गयी। सभी व्याख्यान अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, थिरूवंथपुरम केरल में गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार द्वारा दिए गए। सात दिन के इस ज्ञान वर्धक कार्यक्रम में लगभग 30 घंटे तक नुमेरिकल विधियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीकी में आने वाली समस्याओं को हल करना भी सिखाया गया। इस दौरान बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के 96 छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।

विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में NFLIBNET द्वारा विकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में 57324 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।

31 जुलाई, 2016 तक विश्वविद्यालय के 520 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट 'शोध गंगा' पर अपलोड किये गये।

31 जुलाई, 2016 तक AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015–2016 हेतु महाविद्यालयों का शत प्रतिशत (100%)पंजीकरण तथा फार्म अपलोड कराया गया।

माह : अगस्त 2016

05 अगस्त को कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन।

विश्वविद्यालय परिसर एवं आवासीय परिसर को हरा–भरा करने के उद्देश्य से "एक छात्र–एक पेड़" अभियान के अन्तर्गत एक सप्ताह का कार्यक्रम 05 अगस्त से12 अगस्त तक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान, प्रबंध अध्ययन संस्थान, संकाय भवन एवं विज्ञान संकाय, प्रशासनिक भवन, इंजीनियरिंग संस्थान, आवासीय परिसर एवं ग्रुप्यूनिक एकलव्य स्टेडियम, एन0एस0एस0 भवन, बॉयस हॉस्टल परिसर तथा विशाल अतिथि गृह में आयोजित किया गया।

3. 15 अगस्तको स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में झण्डारोहण का आयोजन किया गया। झण्डारोहण प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल, कुलपति द्वारा किया गया एवं स्वतन्त्रता दिवस संदेश में समस्त अध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर द्रौपदी महिला छात्रावास में 15 एवं 16 अगस्त को दो दिवसीय "भारत की आजादी" कार्यक्रम के तहत निबंध, लेखन, वाद–विवाद, भाषण, रंगोली, पोस्टर, नाटक, एकल गीत और एकल नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. विश्वविद्यालय के 'रिसर्च एवं इन्नोवेशन सेन्टर' में 25 अगस्त को "उपग्रह संचार नेवीगेशन जी0पी0एस0" विषय से सम्बन्धित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में ईसरो, लखनऊ ईकाई के उप महाप्रबन्धक मो0 जहीर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।
5. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा 'रिसर्च एवं इन्नोवेशन सेन्टर' में विवरसन इण्डिया एजुकेशन के सहयोग से "ई–रिर्सोस प्रयोगकर्ताओं की जागरूकता" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थियों को विशेषज्ञों ने आनलाईन उपलब्ध सामग्रियों के बारे में जानकारी दी। बी0एच0यू0, वाराणसी के डा0 भाष्कर मुखर्जी एवं विवरसन इण्डिया एजुकेशन के डा0 इस्टीफेन रोज ने कार्यशाला को सम्बोधित किया।
6. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में NFLIBNET द्वारा विकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में अब तक 59794 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।

माह : सितम्बर 2016

1. 08 सितम्बर को कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन।
2. 03 सितम्बर को जनसंचार विभाग में मीडिया प्रबंधन एवं चुनौती विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं बतौर मुख्य वक्ता मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े डा. अंकुर चड्ढा ने भाग लिया।
3. 5 सितंबर विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न संकायों एवं विभागों में शिक्षक दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए।
4. 5 सितंबर को विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत में आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी विकास में युवाओं की मनोविकार विषयक

निबन्ध प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग, विज्ञान, फार्मेसी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

5. 09 सितम्बर को 'इंजीनियर्स डे' के अवसर पर उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडल के जरिये वैज्ञानिक मनोवृत्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर आई.ई.टी. लखनऊ के प्रो. वी.के. सिंह ने व्याख्यान दिया।

6. 11 सितंबर को वित्तीय अध्ययन विभाग द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन देवकली गाँव में किया गया।

7. 14 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर से 15 सितम्बर को राजभवन लखनऊ में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की बस को हरी झण्डी दिखाकर कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल ने रवाना किया। विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर डिजिटल भारत में युवाओं की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

8. 15 सितंबर को राजभवन लखनऊ के गांधी सभागार में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक ने विश्वविद्यालय के 44 खिलाड़ियों के साथ टीम प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर को सम्मानित किया।

9. 15 सितंबर को वित्तीय अध्ययन विभाग में एक दिवसीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन के बारे में चर्चा करना और भारतीय परिदृश्य में इसकी स्थिति की समीक्षा करना था।

10. 16 सितंबर को पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईटी बीएचयू के प्रो० पी.के. मिश्रा एवं एटमोस्फियरिक एवं ओसनिक साइंस विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो० बी.के. पाण्डेय ने ओजोन संरक्षण पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन क्विज, पोस्टर, एक्सटेम्पोर स्पीच आदिप्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

11. 17 सितंबर को इंजीनियरिंग संस्थान के गणित तथा भौतिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कम्युनिकेशन स्किल विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिन बीएचयू के अंग्रेजी विभाग के डा. देवेन्द्र कुमार एवं प्रबंध अध्ययन विभाग के डा. अनुराग सिंह, ने, अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

12. 18 सितंबर को कम्युनिकेशन स्किल विषयक दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डा. तनुज नंदन एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डा. शेफाली नंदन ने प्रभावशाली संचार पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

13. 18 सितंबर को एमबीए विभाग के विद्यार्थियों का पुरातन छात्र सम्मेलन, 2016 का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया।

14. 18 सितंबर को फार्मेसी संस्थान में मधुमेह एवं हृदयाघात मुक्त भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा. आशुतोष मिश्र एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पल्लवी मिश्रा ने विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी।

15. 20 सितंबर को अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा संपन्न कराये गए भारत में आर्थिक एवं प्रोद्योगिकी विकास में युवाओं की भागीदारी विषयक निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को फार्मेसी संस्थान स्थित सभागार में कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल एवं बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जनक पांडेय ने प्रमाण पत्र एवं क्रमशः 1 हजार, 750 व 500 रूपये पुरस्कार राशि देकर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में जनसंचार विभाग के छात्र धर्मपाल यादव प्रथम, इंजीनियरिंग के छात्र शुभम उपाध्याय द्वितीय एवं एमबीए के छात्र मोहम्मद मोहसिन तृतीय विजेता रहे।

16. 20 सितंबर को फार्मेसी संस्थान स्थित शोध एवं नवाचार केन्द्र में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) पर कार्यशिविर आयोजित किया गया। इस कार्यशिविर में अध्ययन परिषद के सदस्यगण एवं विश्वविद्यालय के सभी संकायों के संकायाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यशिविर के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जनक पाण्डेय, बीएचयू के प्रो. जेपी श्रीवास्तव ने भाग लिया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल ने की।

17. 22 सितंबर को विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में शिक्षक -अभिभावक बैठक मंथन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर अभिभावकों के साथ चर्चा हुई.

18. 24 सितंबर को विश्वविद्यालय के एचआरडी एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा फार्मेसी संकाय स्थित कांफ्रेन्स हाल में पुरातन छात्र सम्मेलन 2016 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल ने की।

19. 24 सितंबर को विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देश के बाहर के भी पूर्व विद्यार्थियों ने भी शिरकत किया।

20. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में NFLIBNET द्वारा विकसित लाईब्रेरी सॉफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में अब तक 60350 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।

21. सितम्बर, 2016 तक विश्वविद्यालय के 520 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये।
22. AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015–2016 हेतु महाविद्यालयों का शत प्रतिशत पंजीकरण तथा फार्म अपलोड कराया जा चुका है।
23. 30 सितम्बर 2016 को विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी जलपान गृह तथा डिस्पेन्सरी का जीर्णोद्धार कर नये साज–सज्जा के साथ पुनर्प्रारम्भ किया गया।

माह: अक्टूबर, 2016

1. 02 अक्टूबर को महात्मा गाँधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, (NAAC) बंगलौर की पीयर टीम के चेयरपर्सन Prof Harish Padh, Chairperson, Former Vice-Chancellor, Sardar patel University, Vallabh Vidyanagar-388 120, Gujarat एवं निम्नलिखित सदस्य Prof. Muthukalingan Krishnan, Professor & Head , Dept. of Environmental Biotechnology, Bharthidasan University, Tiruchirappalli- 602 024, Tamil Nadu, Prof. Mani Shankar Das Gupta Professor, Dept. of Mechanical Engineering & Engineering Technology, Birla Institute of Technology and Science(BITS, Pilani) Vidya Vihar Campus, Pilani-333 031, Rajasthan, Dr. Mewa Singh Ph.D., F.A.Sc., Professor, Department of Psychology, Universityy of Mysore, Manasagangotri, Mysore- 570 006, Karnataka, Prof. N. K. Jain Emeritus Fellow(U.G.C.) School of Pharmacy, Rajiv Gandhi Technical University, Airport Byypass Road, Gandhi Nagar, Bhopal- 462 036, Madhya Pradesh, Prof. Prabhu Narayan Mishra, Professor & Director, Institute of Management Studies, Devi Ahilya Univesity, Takshashila Campus Khandwa Road, Indore 452 001, Madhya Pradesh, Dr. Santoshkumar Chandravadan Vora, Professor, Dept. of Electrical Engineering, Institute of Techuology, Nirma University, S G Highwayy, Ahmedabad- 382 481, Gujrat, Prof. S. Vaidhyasubramaniam Dean - Planning & Development and Indian Overseas Bank Chair Professor of Management & Adjunct Professor, School of Law, SASTRA University, Thanjvaur- 613 401, Tamil Nadu का आगमन 02 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। पीयर टीम के सदस्यों के द्वारा 06 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के समस्त संकायो– अनुप्रयुक्त एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, विज्ञान संकाय, इंजीनियरिंग संकाय, औषध संकाय, प्रबंध अध्ययन संकाय सहित छात्र कल्याण संकाय तथा प्रशासनिक अनुभागों, वित्त विभाग, कुलसचिव कार्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना भवन, रोवर्स रेंजर्स भवन, खेल कूद परिसर, इन्क्यूबेशन सेन्टर, स्वास्थ्य भवन, डिस्पेन्सरी, योग केन्द्र, छात्रावासों आदि का निरीक्षण/पर्यवेक्षण किया गया।
3. अक्टूबर को संध्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक संध्या का ... आयोजन किया गया। जिसे पीयर टीम द्वारा विशेष सराहना मिली। इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान परिसर में नैक पीयर टीम के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा भारतरत्न एम० विश्वेश्वरैया की मूर्ति का अनावरण एवं उच्च स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम जैसी सुविधाओं से संयुक्त विश्वेश्वरैया सभागार का उद्घाटन भी किया गया। प्रारम्भ में कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रजेन्टेशन किया गया। निरीक्षण के दौरान पीयर टीम ने विश्वविद्यालय के कार्यकलापों एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

4. 04 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के एन०एस०एस० भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'युवा शक्ति और आधुनिक भारत' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तीकरण, कन्या भ्रूण हत्या, मतदाता जागरूकता, पोषण, राष्ट्रीय एकीकरण आदि विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गयी।
5. 23 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के पी–एच०डी० कोर्स वर्क की परीक्षा का आयोजन किया गया।
6. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय ने INFLIBNET द्वारा निकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में अब तक 60350 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।
7. अक्टूबर, 2016 तक विश्वविद्यालय के 553 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये
8. AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015–2016 हेतु महाविद्यालयों का शत प्रतिशत (100%) पंजीकरण तथा फार्म अपलोड कराया जा चुका है।

माह: नवम्बर, 2016

1. 05 नवम्बर को प्रो० डी० पी० सिंह, निदेशक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, पोस्ट बाक्स न० 1075, नागरभावी, बेंगलूर–560072 के पत्रांक F-19.26/EC(SC-18)/DO/2016/138.2 Dated 5th November, 2016 के द्वारा पीयर टीम की रिपोर्ट के आधार पर परिषद की कार्य समिति द्वारा इस विश्वविद्यालय को Accredited with a CGPA of 2.54 स्केल में B+ Grade प्रदान किया गया। यह ग्रेडिंग दिनांक 05.11.2016 से पाँच वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी रहेगी।
2. 06 नवम्बर से 09 नवम्बर तक विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों को नेशनल स्टाक एक्सचेंज, संसद भवन, आगरा, मथुरा एवं वृन्दावन का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
3. 08 नवम्बर को विश्वविद्यालय के बी०फार्मा के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के निकट स्थित देवकली गांव में फार्मासिस्ट सेलिब्रेशन के नाम से जागरुकता कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प में बीमारियों के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।
4. 09 नवम्बर से स्वच्छ भारत ... के ... प्राप्ति ... के ...

निभित्त भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान की शुरूआत की गयी है। तद्क्रम में माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश महोदय के निर्देश के अनुपालन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नवम्बर 2016 के प्रथम पखवारे में स्वच्छता सम्बन्धी अनेक गतिविधियां संचालित की गयी। विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 5 जनपदों के कई महाविद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस अभियान में अपनी महती भूमिका अदा की।

5. 12 नवम्बर को परीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।
6. 18 नवम्बर को विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के अन्तर्गत एच0आर0डी0 विभाग द्वारा व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को रेज्यूम राइटिंग तथा कारपोरेट जगत में प्रभावशाली स्थान बनाने के सूत्र बताये गये।
7. विश्वविद्यालय के पी-एच0डी0 कोर्स वर्क की परीक्षा का परीक्षाफल 28 नवम्बर को घोषित किया गया।
8. 29 नवम्बर को विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के अन्तर्गत एच0आर0डी0 विभाग द्वारा "टाईम मैनेजमेन्ट" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को टाईम मैनेजमेन्ट के बारे में जानकारी दी गयी।
9. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में NFLIBNET द्वारा निकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में अब तक 60350 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।
10. नवम्बर, 2016 तक विश्वविद्यालय के 570 पी-एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये।
11. AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015-2016 हेतु महाविद्यालयों का शत प्रतिशत (100%) पंजीकरण तथा फार्म अपलोड कराया जा चुका है।

खेल गतिविधियाँ-

12. **अन्तर महाविद्यालयी कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एलवा स्टेडियम में 24 नवम्बर को सम्पन्न हुई, इसमें कुल 14 महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कुछ महाविद्यालयों का ट्रायल भी किया गया। प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय टीम का चयन किया गया।
13. **अन्तर महाविद्यालयी क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर में 28 से 30 नवम्बर को सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्राओं की टीम स्पर्धा एवं ट्रायल के आधार पर विश्वविद्यालय महिला टीम का चयन किया गया।
14. **पूर्वी क्षेत्र बास्केटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 05 से 11 नवम्बर को सम्पन्न हुई जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त किया।
15. **पूर्वी क्षेत्र हैण्डबाल (महिला) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 12 से 16 नवम्बर तक सम्पन्न हुई जिसमें विश्वविद्यालियल की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त किया।
16. **पूर्वी क्षेत्र हैण्डबाल (पुरूष) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 26 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सम्पन्न हुयी जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त किया।
17. **पूर्वी क्षेत्र कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता-** यह प्रतियोगिता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में 20 से 24 नवम्बर तक सम्पन्न हुई, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ एवं अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त किया।

माह: दिसम्बर, 2016

1. 07 दिसम्बर को कार्य परिषद की बैठक का आयोजन किया गया।
2. विश्वविद्यालय की सत्र 2016-17 की मुख्य परीक्षा के लिये आनलाईन आवेदन पत्र पूरित कराये जाने का कार्य प्रगति पर रहा।
3. विश्वविद्यालय के रिसर्च एवं इनोवेशन सेन्टर में 08 एवं 09 दिसम्बर को Council of Science & Technology, UP (CSTUP) द्वारा "Role of CSTUP in Promotion of Science and Technology & Facilitation of IPR Protection" विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। श्री राम नाईक जी, मा0 कुलाधिपति/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने दूरभाष के माध्यम से सेमिनार में उदघाटन भाषण दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमें विकसित देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। सेमिनार में प्रो0 एस0के0 जैन, आई0आई0टी0, नई दिल्ली ने मुख्य वक्ता के रूप में तथा डा0 विपिन कुमार, निदेशक, नेशनल इन्नोवेशन फाउन्डेशन, अहमदाबाद, गुजरात, डा0 शशि राणा, संयुक्त निदेशक, यू0पी0सी0एस0टी0, डा0 यू0 सी0 पाण्डेय, यू0पी0सी0एस0टी0 श्री सुमित कुमार, वाणिज्य मंत्रालय, नई दिल्ली, प्रो0 आर0 एल0 सिंह, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद ने विशेषज्ञ के रूप में सेमिनार में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

सेमिनार के पहले दिन शोधार्थियों द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर बेहतरीन शोध प्रस्तुति के लिये रसायन विज्ञान विभाग, टी0डी0 कालेज, जौनपुर के शोधार्थी शेखर आनन्द पाण्डेय को प्रथम, बायोटेक्नालाजी विभाग, विश्वविद्यालय परिसर की श्वेता श्रीवास्तव को द्वितीय एवं बायोटेक्नालाजी विभाग, विश्वविद्यालय परिसर की सिम्पल कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कुलपति प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल ने शोधार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया।

सेमिनार में शोधार्थियों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

4. 05 दिसम्बर से बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0 की सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन किया गया।
5. 01 दिसम्बर से श्रेणी सुधार परीक्षा का आयोजन किया गया।
6. 12 दिसम्बर से विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की सत्र 2016–17 की सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन किया गया।
7. 15 दिसम्बर को ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम शोध छात्रावास का लोकार्पण किया गया तथा डा0 भोलेन्द्र सिंह, पूर्व कुलपति की स्मृति में बहुद्देशीय हाल का लोकार्पण किया गया।
8. 16 दिसम्बर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वर्ष 2016 में अवकाश ग्रहण करने वाले 38 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रो0 यू0के0 मिश्रा, विभागाध्यक्ष, न्यूरोलाजी विभाग, संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ, शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल ने किया।
9. 20 दिसम्बर से एल0एल0बी0 की सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन किया गया।
10. विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में NFLIBNET द्वारा विकसित लाईब्रेरी साफ्टवेयर SOUL (Software for University Library) में अब तक 60362 किताबों के पंजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।
11. दिसम्बर में विश्वविद्यालय के 612 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये।
12. AISHE के अन्तर्गत सत्र 2015–2016 हेतु महाविद्यालयों का शत प्रतिशत (100%) पंजीकरण तथा फार्म अपलोड कराया जा चुका है।
13. खेल गतिविधियाँ–

(अ) *पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयी कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता*

यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 3 से 8 दिसम्बर तक आयोजित की गई, जिसमें पूर्वी क्षेत्र के अन्तर्गत 32 विश्वविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता नाक आउट कम टीम के हिसाब से खेला गया, अंकों के आधार पर परिणाम इस प्रकार रहा–

1. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर – प्रथम
2. वर्धमान विश्वविद्यालय, वर्धमान (प0बंगाल) – द्वितीय
3. महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी – तृतीय
4. बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर(छत्तीसगढ़) – चतुर्थ

उपरोक्त चारों विश्वविद्यालयों की टीमों ने वेल्टेक विश्वविद्यालय, चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय (All India) प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त की है।

(ब) *अन्तर महाविद्यालयी क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता*

यह प्रतियोगिता 10 से 19 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम एवं इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में सम्पन्न कराया गया, जिसमें विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित 22 महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया एवं लगभग 10 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। प्रदर्शन के आधार पर अर्हता प्राप्त खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय टीम हेतु चयन किया गया।

(स) *अन्तर महाविद्यालयी हॉकी महिला प्रतियोगिता*

यह प्रतियोगिता 21 दिसम्बर को विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम खेला गया जिसमें 05 महाविद्यालयों की पूरी टीम एवं 4 महाविद्यालय की छात्राओं का ट्रायल लिया गया। प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय हॉकी महिला टीम का चयन किया गया।

माह: जनवरी 2017

1. 09 से 11 जनवरी तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देश के क्रम में वित्तीय साक्षरता अभियान (वित्साक्षा) की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में की गई। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत निबंध , वाद–विवाद प्रतियोगिता "नकद रहित अर्थव्यवस्था: चुनौतियां एवं संभावनाएं" विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें परिसर पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियों नें बढ़ –चढ़ कर भाग लिया।
2. 10 जनवरी को साक्षरता अभियान (वित्साक्षा) के अंतर्गत नकदरहित अर्थव्यवस्था: चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पोस्टर प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कुल 41 प्रतिभागियों ने अपनी सृजन क्षमता प्रदर्शित की। इसमें विद्यार्थियों ने वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था एवं भविष्य का दृश्यात्मक प्रदर्शन बड़े रोचक तरीके से किया। एक तरफ जहां प्रतिभागियों ने विमुद्रीकरण के उपरांत उपजी सामाजिक कठिनाईयों को चित्रित किया वहीं दूसरी तरफ डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं नकदरहित लेन–देन की संभावनाओं को रंगों एवं चित्रों के माध्यम से उकेरा।
3. 11 जनवरी को विश्वविद्यालय के विश्वेसरैया सभागार में वित्तीय साक्षरता अभियान (वित्साक्षा) के क्रम में नकदरहित अर्थव्यवस्था: चुनौतियां एवं संभावनाएं विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल ने ई – रिटेल मार्केटिंग पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी।
4. 12 जनवरी को विश्वविद्यालय के विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर स्वामी जी के व्यक्तित्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित इस संगोष्ठी को दिल्ली स्कूल ऑफ कॉमर्स दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बी.पी. सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।
5. 13 जनवरी को कुलपति सभागार में विद्या परिषद की बैठक का आयोजन किया गया।
6. 13 जनवरी को विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा परिसर के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर आधारित पुस्तक व्यक्तित्व का विकास वितरण किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के पास स्थापित विवेकानंद के शिकागो उदबोधन शिलालेख के समक्ष आयोजित किया।

गया।

7. 23 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में विश्वेश्वरैया सभागार में सम–सामयिक शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रोफेसर कुशेंद्र मिश्र नें प्रतिभागियों को शोध पत्र लेखन की बारीकियों से परिचित कराया।

8. 24 जनवरी को कुलपति सभागार में परीक्षा संचालन व परिणाम 2017 विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुलपति प्रोफेसर पीयूष रंजन अग्रवाल सहित परीक्षा से जुड़ी समस्त समितियों, परीक्षा घोषणा समिति, निगरानी समिति एवं मूल्यांकन समिति के साथ महाविद्यालय के प्राचार्यगण,वरिष्ट प्राध्यापक गण, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया।

9. 25 जनवरी को विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में बुधवार को दीक्षांत पूर्व व्याख्यान का आयोजन किया गया। वाराणसी फार्मेसी कालेज आफ फार्मेसी के निदेशक प्रो0 ओ0पी0 तिवारी नें भैषज्य विज्ञान में भविष्यगत संभावनाएं विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

10. 26 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

11. 28 जनवरी को समाजिक अनुप्रयुक्त संकाय में दीक्षान्त पूर्व व्याख्यानमाला के अन्तर्गत काशी विद्यापीठ के प्रो0 ओम प्रकाश सिंह का व्याख्यान हुआ। प्रबन्ध अध्ययन संकाय में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर.एन. त्रिपाठी ने लोकतंत्र एवं प्रबंध विषय पर व्याख्यान दिया।

12. जनवरी में विश्वविद्यालय के 706 पी–एच.डी. शोध प्रबन्ध विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेबसाइट "शोध गंगा" पर अपलोड किये गये।

खेल गतिविधियां –

12. अन्तर महाविद्यालयीय कुश्ती पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 02 एवं 03 जनवरी को सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 50 महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर आर्टी मार वर्ग के फ्री स्टाईल, ग्रीको रोमन पुरुष एवं फ्री स्टाईल महिला खिलाड़ियों का अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हेतु टीम चयन किया गया।

13. अन्तर महाविद्यालयीय बाक्सिंग पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 04 जनवरी को सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 20 महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर अर्हता प्राप्त खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।

14. अन्तर महाविद्यालयीय वालीबाल महिला प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 05 जनवरी को सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 5 महाविद्यालयों की टीम एवं कुछ महाविद्यालयों के छात्राओं द्वारा ट्रायल दिया गया। प्रदर्शन के आधार पर अर्हता प्राप्त खिलाड़ियों का चयन पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।

15. अन्तर महाविद्यालयीय जिमनास्टिक पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 06 जनवरी को सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 15 महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर अर्हता प्राप्त खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।

16. पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय वालीबाल महिला प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 17 से 22 जनवरी को सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र की 21 विश्वविद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रथम, कलकत्ता विश्वविद्यालय को द्वितीय, पं0 रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर तृतीय एवं रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। उक्त चारों विश्वविद्यालयों की टीमों ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त की है। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में 08 फरवरी से 14 फरवरी तक सम्पन्न होनी है।

सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का आधिकारिक ब्लॉग पूरबबानी (www.vbspurvanchaluniversity.blogspot.in) है। इस के साथ ही एक जून 2013 से विश्वविद्यालय फेसबुक (https://www.facebook.com/Vbs Purvanchal University JaunpurUpIndia) पर भी है। ब्लॉग और फेसबुक के माध्यम से विश्वविद्यालय की गतिविधियों को वैश्विक मंच पर पहुंचाया गया है। ब्लॉग पूरब बानी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय से जुड़े लोगों के बीच लोकप्रिय है। जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. मनोज मिश्र एवं डॉ. दिग्विजय सिंह रावत द्वारा इसे निर्मित कर संचालित किया जा रहा है। विभाग के विद्यार्थियों का भी इसमें सहयोग रहता है जो विश्वविद्यालय की गतिविधियों की रिपोर्टिंग, फोटोग्राफ एवं वीडियो उपलब्ध कराते हैं। पूरब बानी ब्लॉग को अब तक 1 लाख 20 हजार बार देखा गया है। भारत के साथ ही साथ अमेरिका, संयुक्त अरब, रूस, जार्जिया, जर्मनी, यूक्रेन, स्पेन एवं फ्रांस जैसे देशों में भी पाठक हैं। वहीं फेस बुक पेज को 29 हजार लोगों ने विजिट किया है। लोकप्रिय वीडियो ब्लॉग यू-ट्यूब पर विश्वविद्यालय के कई कार्यक्रमों की वीडियो भी अपलोड किया गया है। विश्वविद्यालय से जुड़े लोग इसके माध्यम से दूर रहकर भी कार्यक्रमों को देख पा रहे हैं।

मशरूम प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र

मशरूम प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र की स्थापना विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में की गयी है। केन्द्र का प्रमुख उद्देश्य मशरूम की खेती के प्रति किसानों एवं छात्रों को जागरूक करना तथा मशरूम से सम्बन्धित शोध करना है। इस क्रम में केन्द्र समय-समय पर मशरूम की खेती प्रशिक्षण एवं निःशुल्क बीज वितरण किसानों को उपलब्ध कराया है। केन्द्र को भारत सरकार के विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा शोध हेतु शोध परियोजनायें भी अनुमानित है। शोध केन्द्र ने वर्तमान केन्द्र समन्वयक डॉ. रामनारायण के शोध निर्देशन में मशरूम के उत्पादन में बिना किसी नुकसान के वृद्धि करने वाले दो नये बैक्टीरिया (Bacillus vallismortis एवं Azospirillum-brasilense) खोजे हैं जो कि शोध केन्द्र की एक बड़ी उपलब्धि है। उक्त दोनों बैक्टीरिया का डाटा नेशनल सेन्टर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फार्मेशन यूएस गवर्नमेन्ट की वेबसाइट के डाटा बैंक में उपलब्ध है।

वित्तीय साक्षरता अभियान

बदलते वैश्विक परिवेश एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ही साथ वित्तीय सेवा क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व परिवर्तन परिलक्षित हुए है एवं अर्थव्यवस्थाओं को इन परिवर्तनों को समाहित करते हुए स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा भी विमुद्रीकरण एवं अंकेक्षण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय इस कड़ी में एक कदम आगे बढ़ते हुए गत वर्ष ही वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों की शुरुआत की। जहाँ एक तरफ प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए विभागीय स्तर पर व्याख्यान एवं कार्यशालाएं आयोजित की गई। ग्रामीण समाज के मध्य वित्तीय साक्षरता के उन्नयन हेतु विश्विद्यालय परिक्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष भी जनवरी माह में वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत दिनांक 9 से 11 जनवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें विश्विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को विस्तृत आयाम देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल, डॉ. अजय द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, वित्तीय अध्ययन विभाग, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, सहायक आचार्य, व्यवसायिक अर्थशास्त्र विभाग, श्री अभिनव

वर्मा, एडीसी, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, श्री राजीव निरंजन, सीएमडी, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स इत्यादि ने नकद रहित अर्थव्यवस्था: चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से नकद रहित अर्थव्यवस्था एवं अंकीकरण के विविध आयामों से प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को रूबरू कराया। कार्यशाला में ई–बिजनस, ई–रिटेल मार्केटिंग, ऑनलाइन लेन देन के विभिन्न माध्यम जैसे एटीएम, क्रेडिट / डेबिट कार्ड, रुपे कार्ड, पे–टीएम, मोबाइल वॉलेट, ई–बैंकिंग एप्स, साइबर सिक्यूरिटी, यू.पी.आई., यू.एस.एस.डी., पोस (पी.ओ. एस.), आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, भीम एप्स इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जनसंचार एवं पत्रकारिता विशेषज्ञ डॉ. मनोज मिश्र एवं डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने भी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने में मीडिया एवं तकनीकी की भूमिका पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किये। वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गए, जिसमें अन्य विधाओं के माध्यम से प्रतिभागिओं ने पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी सृजन क्षमता प्रदर्शित की। इसमें विद्यार्थियों ने वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था एवं भविष्य का दृश्यात्मक प्रदर्शन बड़े रोचक तरीके से किया। एक तरफ जहां प्रतिभागियों ने विमुद्रीकरण के उपरांत उपजी सामाजिक कठिनाईयों को चित्रित किया वहीं दूसरी तरफ डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं नकद रहित लेन–देन की संभावनाओं को रंगों एवं चित्रों के माध्यम से उकेरा।

वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अर्थव्यवस्था की वर्तमान दशा एवं दिशा, वित्तीय साक्षरता का स्तर, अर्थव्यवस्था के ढांचा गत समस्याओं एवं भविष्य में आने वाले चुनौतियों पर चर्चा एवं परिचर्चा की। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना में एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित किये है। विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र संख्या पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की है, जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। वर्तमान सत्र 2016–17 में अब तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुल 327 महाविद्यालयों में 56350 छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हैं। शासन द्वारा इन महाविद्यालयों में कुल 564 इकाई आवंटित है। विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का चिन्तन महात्मा गांधी व स्वामी विवेकानन्द के विचारों से प्रेरित है। गांधी जी का मत था कि छात्र जीवन न केवल बौद्धिक विकास का समय है बल्कि भावी जीवन के निर्माण का भी समय है। शिक्षा के तृतीय आयाम के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षण एवं समुदाय को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। जिससे विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं से रूबरू कराया जाता है। स्थानीय, प्रादेशिक एवं देश में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना को बापू बाजार से विशिष्ट पहचान मिली। पर्यावरण को हरा बनाने के प्रयास में कुलपति प्रो0 पीयूष रंजन अग्रवाल ने नूतन पहल करते हुए "एक छात्र एक पेड़" योजना द्वारा पौधरोपण पर बल दिया जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवक सेविकाओं ने गति प्रदान की है।

